## Headline

1. MP Election: राहुल के बयान पर भड़की BJP, अब दिग्गी बोले- भाजपा ने मोदी जी को 'पनौती' क्यों मान लिया?
2. लखनऊ हिट एंड रन: पता था कि बच्चा नहीं बचेगा...सपा नेता का बेटा बोला- इसलिए नहीं रोकी कार; 40 कैमरों की मदद से पकड़े
3. ब्राजील-अर्जेंटीना फुटबॉल मैच में भिड़े दर्शक, पुलिस ने किया लाठीचार्ज तो मेसी ने खेलने से किया इनकार
4. AIMIM: 'मेरे एक इशारे पर..', पुलिसकर्मी ने भाषण समय से खत्म करने का दिया अलर्ट, अकबरूद्दीन ओवैसी ने दे दी धमकी
5. War: शांति बहाली की अपीलों के बीच इस्राइल के तेवर नरम, चार दिन के युद्धविराम के बदले 50 बंधकों को छोड़ेगा हमास
6. BHU: बीएचयू कैंपस में छात्रा से फिर छेड़खानी, परेशान होकर बस से भागी; महिला प्रॉक्टर के सामने फफक पड़ी
7. IPL 2024: फ्लावर के बाद मेंटर गौतम गंभीर ने भी छोड़ा लखनऊ का साथ, दो बार चैंपियन बनने वाली इस टीम से जुड़े


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 134 | इंदौर, बुधवार 22 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


◆ मतदान के बाद जीत-हार को लेकर...

# नेताओं में हो रहा मंथन

**आखिर मतदाता किसके पक्ष में, जानने को सभी उत्सुक, हो रहा 3 तारीख का इंतजार**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले के साथ पूरे प्रदेश में कुछेक विवादों को छोड़ दिया जाए तो विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सबसे बड़ा आश्चर्य तो इस बात का है कि इस बार रिकार्ड तोड़ मतदान हुआ और इस मतदान के बाद अब चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के लिए आने वाली 03 तारीख नया सवेरा लेकर आएगी। वहीं मतदान का प्रतिश बढऩे के बाद किसी को चिंता सता रही है तो कोई प्रत्याशी खुश नजर आ रहा है। हालांकि सभी राजनीतिक दल और प्रत्याशी यह तय नहीं कर पा रहे हैं। मतदाताओं का आशीर्वाद किसके पक्ष में गया है। मतदाताओं ने किसका पक्ष लिया और किसका नहीं। इसे लेकर मतदान के दूसरे ही दिन से पार्टी नेताओं और प्रत्याशियों में मंथन हो रहा है।

### सर्दी में गर्मी का अहसास

दरअसल 3 तारीख तक का इंतजार प्रत्याशियों को सर्दी में भी गर्मी का अहसास दिला रहा है। अभी 3 दिसंबर को देर है। वक्त काटना प्रत्याशियों से ज्यादा उनके चेले और सहयोगियों को मुश्किल हो रहा है। क्योंकि छोटे नेताओं का भविष्य उनके आकाओं पर ही टिका है। वहीं इस बार भाजपा ने पूरी तरह से गुजरात पैटर्न पर चुनाव लड़ा। आला संगठन ने प्रदेश में ही नए-नए प्रयोग कर अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए कई तरह की कवायदें की हैं। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा पर विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक भी बनाए थे। बूथ प्रभारी, बूथ संयोजक, बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ शक्ति केन्द्र के संयोजकों की नियुक्ति भी की गई थी।

### देख रहे परिणाम की राह

अब इसके बाद भाजपा के पक्ष में किस तरह का परिणाम आएगा, इसकी राह भी संगठन देख रहा है, लेकिन उसके पहले ही सभी नगर एवं जिलाध्यक्षों से कहा गया है कि वे सभी वार्डों से डाटा मंगवाए और पिछले डाटा के आधार पर उसका तुलनात्मक विश्लेषण करें, ताकि मालूम चल सके कि संगठन के लोगों ने किस प्रकार की मेहनत की है।

### किस सीट पर फायदा, किस पर नुकसान

3 दिसम्बर को चुनाव परिणाम आना है, लेकिन उसके पहले ही रिपोर्ट तैयार कर भोपाल भिजवाना है। इससे एक आकलन भी हो जाएगा कि भाजपा को किस सीट पर फायदा होगा और किस पर नुकसान। इस रिपोर्ट में 2018 का डाटा भी मांगा गया है। वैसे इंदौर में विधानसभा स्तर पर अच्छा मतदान हुआ है और सबसे ज्यादा मतदान ग्रामीण क्षेत्र के देपालपुर में हुआ।

### कांग्रेस भी कर रही सरकार का दावा

कांग्रेस भी सरकार बनाने का दावा कर रही है। नेताओं का कहना है कि सीटों को लेकर भी हम डाटा इक_ा कर रहे हैं, ताकि जानकारी निकाली जा सके कि कहां-कितना मतदान हुआ है और वह कांग्रेस के लिए कितना लाभदायक साबित होगा। चुनाव में ज्यादा मतदान और महिलाओं में खास उत्साह को दोनों दल अपने पक्ष में मान रहे हैं। भाजपा का दावा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का जादू चल गया, बहनों ने अधिक से अधिक वोट किया। सरकार की योजनाओं के कारण एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग का प्रो-विकास वोट भाजपा को मिला। सरकार के खिलाफ कोई एंटी-इंकमबेंसी नहीं थी। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट के कारण उनके पक्ष के ज्यादा वोट पड़े और मतदान प्रतिशत बढ़ा। उधर, कांग्रेस का तर्क है कि बहनें ही नहीं सरकार से सभी वर्ग नाराज हैं, ज्यादा मतदान से उनकी नाराजगी झलकी है। भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी भी चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा जिससे लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया। भाजपा की लाड़ली बहना योजना का कोई असर नहीं रहा बल्कि कांग्रेस के नारी सम्मान योजना के वचन को चुनाव में काफी समर्थन मिला।

# जगह-जगह खुदाई, राहगीर और रहवासी परेशान

## ◆ नर्मदा की पाइप लाइन डालने के लिए खोदी आदर्श रोड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में जिधर जाओ उधर खुदा ही खुदा पड़ा है। चाहे वह मुख्य मार्ग हो या फिर कॉलोनी-मोहल्लों की सडक़ें। कहीं पर ड्रेनेज की पाइप लाइन डालने को लेकर रोड को खोदे गए है और कहीं पर नर्मदा व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने को लेकर खुदाई की गई है। नर्मदा पाइप लाइन डालने को लेकर कल से आदर्श रोड को खोदना शुरू कर दिया गया है। शहर में जगह-जगह हो रही खुदाई के कारण राहगीर और रहवासी दोनों परेशान हैं।**

शहर के मध्य क्षेत्र राजबाड़ा, आड़ा बाजार, पंढरीनाथ चौराहा, मछी बाजार चौराहा, प्रिंस यशवंत रोड, नंदलालपुरा चौराहा से कबूतर खाना, राम लक्ष्मण बाजार, बर्तन बाजार, बजाजखाना चौक, रेशम गली, पीठा क्षेत्र और आसपास की गलियों में ड्रेनेज व नर्मदा की पाइप लाइन डालने के लिए बड़े-बड़े गडढे खोदे गए हैं। इस वजह से रहवासी और राहगीर सहित दुकानदार परेशान है, क्योंकि गडढे की वजह से दिनभर यातायात जाम होता रहता और धूल-मिट्टी अलग उड़ती रहती है। जहां पर लाइन डल गई है वहां पर गडढे सही ढंग से नहीं भरे गए हैं। इस कारण भी लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शहर के मध्य क्षेत्र सहित शिवाजी प्रतिमा के पास, राज मोहल्ला से लेकर महूनाका के बीच और अन्य स्थानों पर चल रहे पाइप लाइन डालने के काम को गति देने पर निगम के अफसरों का ध्यान नहीं है। इसके चलते ठेकेदार एजेंसी अपनी मर्जी से काम कर रही है।

### दिनभर उड़ती है धूल-मिट्टी

शहर में मुख्य मार्ग से लेकर कॉलोनी मोहल्लों की सडक़ को खोदने का काम नगर निगम कर रही है। कहीं पर ड्रेनेज की पाइप लाइन डालने को लेकर रोड को खोदा गया है तो कहीं पर नर्मदा व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने को लेकर खुदाई की गई है। शहर की सडक़ों पर पाइप लाइन डालने को लेकर खोदे गए गड्ढों के कारण रहवासी व राहगीर दोनों ही परेशान हैं, क्योंकि इन गड्ढों की वजह से बार- बार जाम लगता और संतुलन न बनने पर बाइक चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार अलग हो रहे हैं। बावजूद इसके निगम के अफसर काम की गति नहीं बढ़ा रहे हैं। ऐसे में कल पलासिया से साकेत नगर चौराहा तक आदर्श रोड को खोदना शुरू कर दिया गया है। अच्छी-खासी रोड को खोद रहे मजदूरों से जब क्षेत्रीय लोगों ने पूछा कि खुदाई क्यों की जा रही है तो उन्होंने नर्मदा की पाइप लाइन डालने की बात कही। इस पर लोगों ने सवाल उठाया कि जब रोड बनी थी, तब पाइप लाइन क्यों नहीं डाली गई? अब अच्छी-खासी बनी रोड को खोदा जा रहा है। पाइप लाइन डालने के बाद रोड भी पहले जैसे नहीं बनेगी और फिर परेशानी रहवासी के साथ राहगिरों को होगी। मामले में लोग क्षेत्रीय पार्षद और निगम अफसरों से मिलेंगे ताकि काम पूरा होने के बाद अभी जैसी रोड है वैसे ही हो जाए।

# हवा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट

## स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है खराब असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश की ओद्योगिक राजधानी इंदौर समेत भोपाल, ग्वालियर में लोग प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। इंदौर का एक्यूआई 262 पहुंच गया है। यहां हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। यही स्थिति भोपाल और ग्वालियर की भी बनी हुई है। भोपाल का एक्यूआई 326 और ग्वालियर में 301 बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। प्रदूषित हवा का असर जनता के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इंदौर और भोपाल में हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) हवा की गुणवत्ता को बताता है। इससे पता चलता है कि हवा में किन गैसों की कितनी मात्रा घुली है। एक्यूआई की गुणवत्ता के आधार पर छह अलग-अलग श्रेणी बनाई गई है। इसमें 0-50 अच्छी, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401 से 500 एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

### वाहनों के प्रदूषण स्तर की होगी जांच

कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा ने शहर में बढ़ते प्रदूषण और दूषित हवा को सामान्य स्तर पर लाने के लए कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम भोपाल को तत्काल पहल करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. शर्मा ने सोमवार को प्रदूषण निवारण मंडल और निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगर में पीयूसी की संख्या बढ़ाई जाए और भोपाल की सभी सीमाओं से गुजरने वाले वाहनों के प्रदूषण स्तर की जांच अनिवार्य करने को कहा। साथ ही सभी पेट्रोल पंप पर पीयूसी संचालित करने के लिए भी कहा है।

### निमार्णाधीन भवन पर लगाएं हरी नेट

निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि धूलकण हवा में नहीं जाने से रोकने के लिए हरी नेट लगाने के साथ ही मानक बनाए रखने के लिए समय-समय पर पानी का छिडकाव भी किया जाए। उन्होंने सभी तरह के ईंधन से होने वाले धुएं के स्त्रोत का पता लगाने और इधर-उधर कचरा जलाना तत्काल प्रतिबंधित करने के लिए भी कहा है। साथ ही किसानों को भी फसलों के अवशेष नहीं जलाने जागरूक करने कदम उठाने को कहा है।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाला धराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में अपराध पर नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा अवैध शस्त्र सबंधी प्रकरणो में फरार अज्ञात आरोपियों की धरपकड लगातार की जा रही हैं । इसी अनुक्रम में क्राईम ब्रांच द्वारा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र का प्रदर्शन करने वाला आरोपी थाना बाणगंगा क्षेत्र में घुम रहा हैं सूचना पर विश्वास कर मुताबिक योजना के क्राइम ब्रांच एवं थाना बाणगंगा पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्यवाही के घेराबंदी कर आरोपी (1).सचिन निवासी शिवकण्ठ नगर भवानी नगर इंदौर को पकडा जिसके कब्जे से एक खटकेदार धारदार चाकू बरामद किया गया । आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी राजस्थान से अवैध शस्त्र लाना कबूला। आरोपी के विरुद्ध थाना बाणगंगा पर अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# इंदौर में फिर शुरू हुई चेकिंग

## ◆ हेलमेट और सेट बेल्ट नहीं लगते वालों के खिलाफ विशेष अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट को लेकर जबलपुर हाई कोर्ट के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने इंदौर पुलिस कमिश्नर को 10 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने के लिए पत्र लिखा है। इस अभियान के तहत एक बार फिर इंदौर पुलिस का विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों पर चैकिंग अभियान के तहत चालानी कार्रवाई कर हेलमेट पहनने तथा सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल ने प्रदेश के समस्त पुलिस अधीक्षक और इंदौर पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर कहा है कि दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट धरना न करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाए । यह अभियान 20 नवंबर से 10 जनवरी 2024 तक चलाया जाएगा। पत्र में बताया गया कि उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित याचिका को लेकर प्रदेश के समस्त जिलों में दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने और चार पहिया वाहन सवार द्वारा सेट बेल्ट धारण करने के संबंध में वाहन चालकों को यातायात नियमों का साथ प्रतिशत पालन करने के निर्देश 15 जनवरी 2024 तक कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा गया है।

हाई कोर्ट के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर समस्त शासकीय एवं अद्र्ध शास्कीय तथा प्राइवेट कार्यालय को पत्र लिख कर हेलमेट और सेट बेल्ट धारण करने संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस के साथ ही सभी स्कूल कॉलेज को भी निर्देशित किया गया है कि वह छात्र-छात्राओं को हेलमेट धारण करवाए । इस संबंध में शिक्षण संस्थानों को भी हिदायत दी गई है। वहीं ही पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देशित किया गया है कि वह बगैर हेलमेट धारण करने वालों को पेट्रोल न देवें। इसके साथ ही होटल ,ढाबा, रेस्टोरेंट ,माल आदि स्थानों पर फ्लेक्स बैनर के माध्यम से हेलमेट धारण करने के संबंध में प्रचार प्रसार किया जाए । हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालकों का उपरोक्त स्थान पर प्रवेश वर्जित किया जाए।

### 56 भोग अन्नकूट महोत्सव 24 को

इंदौर। नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्री 56 भोग अन्नकूट महोत्सव 24 नवम्बर, शुक्रवार को मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि शुरूआत सुन्दर कांड हवन से होगी, उसके बाद महाआरती होंगी। दोपहर को होगा महाप्रसादी का वितरण। हनुमानजी को नया चोला चढ़ाया जायेगा। संपूर्ण परिसर को पताकाओ से सजाया जा रहा है। मीना राणा शाह ने बताया कि आयोजन श्री मानस मन्दिर धार्मिक और पारमार्थिक न्यास के तहत प्रतिवर्ष दिवाली बाद होता है।

### अन्नू पटेल का स्वागत किया

इंदौर। कांग्रेस के नए पदाधिकारियों का स्वागत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में खजराना के अन्नू पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर उनका स्वागत-सम्मान किया गया। अख्तर जावेद नेता, सलीम पठान, राजिक खान, सैय्यद नौशाद अली, युसुफ पठान आदि नेताओ ने अन्नू पटेल का स्वागत किया। साथ ही पीसीसी चीफ कमलनाथ के प्रति आभार माना।

# 14 साल की नाबालिग से रेप, पड़ोसी पर केस

◆ पिता अस्पताल लेकर पहुंचे तब 7 माह का गर्भ होने की मिली जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **द्वारकापुरी इलाके में रहने वाली 14 साल की बच्ची से रेप के बाद उसके गर्भवती होने का खुलासा हुआ है। आरोपी पिछले आठ माह से लगातार उसके साथ रेप कर रहा था। एक दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर जब लड़की के परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, तब पता चला कि उसे 7 माह का गर्भ है।**

मामले में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। एसआई सपना डोडिया ने अस्पताल में पीड़िता के बयान के बाद उसके पड़ोसी अभिषेक के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य मामलों में केस दर्ज किया है।

पेट में दर्द होने के चलते परिजन सुबह चार बजे बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां उसके गर्भवती होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद बच्ची ने अभिषेक के बारे में परिवार को पूरी जानकारी दी। अस्पताल से मिली जानकारी के बाद महिला एसआई वहां पहुंची और बच्ची के बयान लिए। जिसके बाद केस दर्ज किया गया।

आरोपी अभिषेक पिछले तीन साल से पीड़िता के पड़ोस में रहता है। इसके चलते दोनों के बीच पारिवारिक जान-पहचान है। बच्ची ने बताया कि वह 8वीं क्लास में पढ़ती है। फरवरी 2023 में उसकी मां और बहन मार्केट गई हुई थी। वह घर में पढ़ाई कर रही थी। वहीं छोटा भाई घर में खेल रहा था। इस दौरान अभिषेक आया और थोड़ी देर बातचीत करने के बाद जबरदस्ती करने लगा। बच्ची ने उसे रोका, लेकिन वह नहीं माना और जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद उसने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि किसी को यह बात बताई तो अच्छा नहीं होगा।

इससे बच्ची डर गई और चुप रही। इसके बाद जब भी माता-पिता और बहन घर पर नहीं होते तब अभिषेक घर आ जाता और जबरदस्ती करता। पिछले कई माह से पीरियड नहीं आने पर पीड़िता ने अपनी मां को यह बता बताई। एक माह पहले मां को जांच करवाने के लिए भी कहा।

लेकिन दादाजी की डेथ होने के कारण वह राजस्थान चली गई। मंगलवार सुबह चार बजे पेट में तेज दर्द होने लगा। बच्ची के पिता और ताई उसे डॉक्टर के यहां लेकर गए। यहां डॉक्टर ने कहा कि अस्पताल ले जाओ, आपकी बच्ची प्रेग्नेंट है। तब परिजन लड़की को सरकारी अस्पताल लेकर आए। यहां पता चला कि उसे सात माह का गर्भ है। इसके बाद पीड़िता ने अपनी ताई को बताया कि पड़ोस में रहने वाले अभिषेक ने उसके साथ गलत काम किया है।

# छोटा भाई दुकान से घर आया तो फंदे पर देखा

## टाइल्स कारीगर ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। **टाइल्स कारीगर ने फांसी लगाकर जान दे दी। छोटा भाई शाम को घर पहुंचा तो बड़े भाई को फंदे पर लटके देखा। इसके बाद परिवार के लोगो को जानकारी दी। बताया जाता है कि दो दिन से तबीयत खराब होने के चलते वह काम पर भी नहीं जा रहा था। पुलिस बुधवार को उसका पोस्टमार्टम कराएगी।**

पुलिस के मुताबिक हरिओम (20) पिता सुरेश विश्वकर्मा निवासी तुलसी नगर खजराना ने मंगलवार को अपने घर पर सुसाइड कर लिया। शाम को मृतक के जीजा अमित उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि हरिओम टाइल्स की कारीगरी करता है। लेकिन कुछ समय पहले उसे यह काम समझ नहीं आया। इसके बाद वह एक निजी कंपनी के आफिस में काम पर जाने लगा। दो दिन से उसे तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। इसलिये यहां भी नहीं गया।

रिश्तेदारों ने बताया कि हरिओम के पिता घर से कुछ दूरी पर गैरेज चलाते हैं। छोटा भाई भी उनके साथ दुकान पर रहता है। करीब साढ़े तीन बजे मां दुकान पर चाय देने पहुंची। इसके कुछ देर बाद छोटा भाई घर पर आया तो हरिओम फंदे पर लटके दिखा। वह घबराकर बाहर आया। आसपास के लोगों से मदद मांगी। उसे फंदे से नीचे उतारा गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गर्लफ्रेंड पर खर्च करने और नशे के लिए राहगीरों को लूटा

## दो बदमाश गिरफ्तार, तीन वारदातें कबूली

इंदौर। **क्राइम ब्रांच ने सिलसिलेवार लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपित नशा करते हैं। युवतियों से दोस्ती भी रखते हैं। उनका खर्च उठाने और नशा खरीदने के लिए लोगों को लूटना कबूला है।**

खजराना थाना क्षेत्र स्थित सर्विस रोड़ पर बाइक सवार बदमाशों ने रविवार रात रवि नामक युवक को लूटा था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो आरोपित दीपक बरेडिया निवासी सरस्वती नगर और सुमित गोस्वामी निवासी बाबा मनसब नगर को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, आरोपितों ने रवि को लूटने के साथ दो अन्य लोगों को लूटना कबूला है। दीपक का आराधिक रिकार्ड है। डकैती की साजिश में शामिल रहा है। दोनों ही शराब और गांजा का नशा करते हैं।

## छात्र पर हमला, लूट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। घायल छात्र ने सोने की चेन लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, आइपीएस कालेज का छात्र अंशुल (एलआइजी) आजाद नगर में दोस्त सोहेल के पास गया था। आरोपित बिट्टू और उसके साथियों ने हमला कर दिया। आरोपितों ने चाकू मार दिए। पुलिस के मुताबिक, मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। आरोपित पूर्व परिचित हैं।

# बदमाशों का आतंक, आयशर और 5 कारों के फोड़े कांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू तहसील के दो थाना क्षेत्रों में देर रात आधा दर्जन चार पहिया वाहनों के कांच फोड़ने का मामला सामने आया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र और किशनगंज थाना क्षेत्र की है। यहां घरों के बाहर खड़ी 5 कार और एक आयशर वाहन के कांच पर पत्थर मारकर असामाजिक तत्वों ने कांच फोड़ दिए।**

आयशर चालक चौहान ने बताया कि वह वाहन में ही सो रहा था तभी कांच पर दो पत्थर पड़े, मैंने उठकर देखा तो तीन गाड़ियों पर 6 लोग सवार थे। जो हंगामा करते हुए अन्य गाड़ियों पर भी पत्थर मार रहे थे। मंगलवार सुबह जब वाहन मालिकों को घटना का पता चला तो उन्होंने थानों में शिकायत दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात 2 बजे करीब 3 वाहनों पर सवार युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। युवक बाइक से ही कारों के ऊपर पत्थर मारकर जा रहे थे। इन युवकों का एक अन्य कार चालक ने वीडियो भी बनाया लेकिन वीडियो में केवल टू व्हीलर का नंबर ही कैद हो सका। गाड़ी के नंबर के आधार पर अब दोनों ही थाने की पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट चुकी है। साथ ही उमरिया टोल टैक्स से लेकर महू तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। इसके पहले भी महू शहर में गाड़ियों के कांच फोड़ने की घटना सामने आ चुकी है।

जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला ...

# पालिसीधारक नजर रखें कि प्रीमियम की राशि पहुंची या नहीं, परिवाद निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला उपभोक्ता आयोग ने इस टिप्पणी के साथ कि बीमा कंपनी की नहीं बल्कि पालिसीधारक की जिम्मेदारी है कि वह इस बात की पुष्टि कर ले कि प्रीमियम की राशि बीमा कंपनी तक पहुंची है या नहीं, परिवाद निरस्त कर दिया। आयोग ने कहा कि पालिसीधारक द्वारा जारी चेक बैंक से अनादरित होने की सूचना सबसे पहले उसे जारी करने वाले को मिलती है। यह बीमा कंपनी की जिम्मेदारी नहीं है कि वह चेक जारी करने वाले को बताए कि चेक अनादरित हो गया है। मंगल नगर निवासी हेमंत वैशंपायन ने अपने, पत्नी और बेटे के लिए मेडिक्लेम पालिसी ली थी। यह पालिसी पिछले आठ वर्षों से जारी थी। इसका नवीनीकरण करते हुए उन्होंने 13 फरवरी 2020 को दो चेक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के नाम से जारी किए थे, लेकिन इन चेक का भुगतान बीमा कंपनी को प्राप्त ही नहीं हुआ। इसके चलते बीमा कंपनी ने पालिसियां बंद कर दीं। आठ अगस्त 2020 को बीमा कंपनी से प्राप्त पत्र से परिवादी को इसकी जानकारी लगी।

**बीमा कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप-** इस बीच परिवादी के पुत्र की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। जहां उपचार पर करीब 60 हजार रुपये का खर्च हुआ। चूंकि बीमा कंपनी ने पालिसी बंद कर दी थी, इसलिए इसका भुगतान परिवादी को प्राप्त नहीं हो सका। वैशंपायन ने बीमा कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया था। इसमें कहा था कि बीमा कंपनी ने संगमत होकर बीमा पालिसी बंद की है। वह चाहती तो चेक अनादरित होने के तुरंत बाद इसकी सूचना परिवादी को दे सकती थी। परिवादी के बैंक खाते में पर्याप्त राशि होने के बावजूद चेक अनादरित हो गया और उन्हें पता नहीं चला। बीमा कंपनी की ओर से एडवोकेट संजय मेहरा ने पैरवी करते हुए तर्क रखा कि वर्तमान में बैंक खाते में किसी भी तरह का लेनदेन होने पर तुरंत इसकी सूचना मैसेज के जरिए खाताधारी को मिल जाती है। चेक हस्ताक्षर मिलान नहीं होने की वजह से अनादरित हुआ था। इसके लिए बीमा कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

# कुएं में गिरी गाय, ट्रैक्टर से निकाला बाहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज के महूगांव में सोमवार दोपहर एक गाय कुएं में जा गिरी। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर ट्रैक्टर की सहायता से 50 फीट गहरे कुएं से गाय को बाहर निकाला। काकड़पुरा में स्थित रेशम के खेत में गाय चरने गई थी। तभी गाय 50 फीट गहरे कुंए में जा गिरी। किसान की नजर पड़ी तो उसने आसपास के ग्रामीणों को इक_ किया। ट्रैक्टर की सहायता से 50 फीट गहरे कुंए से गाय को बाहर निकाला। इस दौरान कुएं के अंदर दो लोग उतरे और गाय को बड़ी मशक्कत से रस्सी से बांध कर बहार निकाला गया।

# दो स्थानों पर जला दी बाइक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमआईजी ओर द्वारकापुरी में बाइक में आग लगाने की वारदात हो गई। एमआईजी में सीसीटीवी में दिखा व्यक्ति पूर्व मकान मालिक निकला। जिसे पुलिस ने शंका के आधार पर पकड़ लिया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। वही द्वारकापुरी में बाइक जलाने वाले बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है।**

एमआईजी पुलिस के मुताबिक घटना देवनगर की है। यहां धर्मेन्द्र यादव किराये से रहता है। वह फूड डिलवरी का काम करता है। मंगलवार रात उसकी बाइक को घर के बाहर पेट्रोल डालकर एमआईजी इलाके में रहने वाले अरूण ने आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज के बाद धर्मेन्द्र ने उस पर शंका जाहिर की। पुलिस ने उसे पकड़ा ओर थाने से जमानत पर छोड़ दिया। धर्मेन्द्र के मुताबिक अरूण उसका पूर्व मकान मालिक है। आरोपी ने बाइक में आग क्यो लगाई। इसका कारण स्पष्ट नही हो पाया।

इसी प्रकार द्वारकापुरी में भी राहुल सरदार निवासी ऋषि पेलेस की बाइक में अजय ने आग लगा दी। राहुल के मुताबिक उसका अजय से पूर्व में विवाद है। आग से राहुल की बाइक के साथ उसके पिता की मोपेड भी पूरी तरह से जल गई। पुलिस ने शंका के आधार पर अजय को आरोपी बनाया है। उसे हिरासत में भी ले लिया गया है।

# पत्नी पर तवे से किया वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर के थाना सेक्टर एक अंतर्गत बीती रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति ने पत्नी पर तवे से वार कर दिया, जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। घटना के बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार लिया गया है। पीथमपुर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले दंपती में विवाद हो गया। जिसमें आरोपी पति ने पत्नी पर चरित्र शंका के चलते सिर पर तवे से वार कर दिया। इसके बाद पत्नी गंभीर घायल अवस्था में थाने पहुंची और पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति पुष्पराज पिता रामानुग्रह विश्वकर्मा शराब पीकर घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। पति ने पत्नी पर चरित्र शंका के चलते तवे से वार कर दिया, जिससे महिला गंभीर हालत में घायल हो गई। पुलिस ने महिला का मेडिकल करवा कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भोपाल में आगे बढ़ सकती है मतगणना की तारीख

◆ मतगणना के दिन 3 दिसंबर को मनाई जाएगी गैस कांड की बरसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में भोपाल सहित 230 विधानसभा सीटों पर मतदान साथ भाजपा-कांग्रेस सहित 2533 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। 3 दिसंबर को उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आएगा। इस बीच भोपाल के गैस पीड़ित संगठनों ने चुनाव आयोग से भोपाल में मतगणना की तारीख 3 दिसंबर से आगे बढ़ाने की मांग की है। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव आयोग अकेले भोपाल में मतगणना की तारीख 3 दिसंबर से एक-दो दिन आगे बढ़ा सकता है।**

गैस पीड़ितों के चार संगठनों ने संयुक्त रूप से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिए ज्ञापन में लिखा है कि 3 दिसंबर को भोपाल गैस त्रासदी की बरसी है, जो दुनिया की सबसे भयानक औद्योगिक आपदा है। यह दिन शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। आपदा में मारे गए व्यक्तियों को याद किया जाता है। बचे गैस पीड़ित इस दिन न्याय की मांग को लेकर मार्च और विरोध प्रदर्शन भी करते हैं। ऐसे दुखद अवसर पर, यदि चुनाव परिणाम घोषित किए जाते हैं, तो शोर शराबा होगा, विजयी उम्मीदवार रैलियां निकालेंगे और पटाखे फोड़ेंगे जो सही नहीं होगा। गैस पीड़ित संगठनों ने चुनाव आयोग से वोटों की गिनती की 3 दिसंबर के बजाय किसी और दिन कराने की मांग की है।

### चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन का कहना है कि गैस पीड़ितों संगठनों की भोपाल में मतगणना की तारीख 3 दिसंबर (गैस कांड बरसी) से आगे बढ़ाने की मांग के संदर्भ में हमने चुनाव आयोग को चि_ी लिखी है। जैसे भी निर्देश मिलेंगे, वैसा फैसला लिया जाएगा।

# खेत में मिले दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के 8 बच्चे

### रेंजर ने कहा- वर्न आउल के हैं बच्चे, वन विभाग की टीम करेगी रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले में एक किसान के खेत में दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के आठ बच्चे मिले हैं। खेतों में पानी देने के लिए किसान ने जब कुएं के बगल में बना कमरा खोला, तो उसमें उल्लू के सफेद रंग के बच्चे दिखाई दिए। विलुप्त पक्षियों की श्रेणी में शामिल उल्लू के बच्चों की सूचना किसान ने वन विभाग के अधिकारियों को दी है।

गतारा गांव निवासी महेंद्र रावत ने बताया कि आज खेत में पानी देने के लिए कुएं के बगल में बना कमरा खोला। कमरे में रखे पाइप के नीचे से अजीब तरह की आवाज आ रही थी। पाइप हटाकर देखा तो अजीब तरह के सफेद रंग के पक्षी दिखाई दिए। पहले तो पक्षियों को देखकर वह डर गए। फिर उन्होंने उनका फोटो रिटायर्ड डीएफओ जगदीश प्रसाद रावत को भेजे।

उन्होंने बताया कि यह विलुप्त पक्षियों की श्रेणी में शामिल उल्लू के बच्चे हैं। जिले में उल्लू लगभग विलुप्त होने की कगार पर हैं। ओरछा संचुरी और राजशाही महलों में ही कुछ उल्लू बचे हैं। महेंद्र रावत ने बताया कि उल्लू के बच्चों की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दे दी है। फिलहाल वन विभाग की टीम के पहुंचने तक उन्हें सुरक्षित खेत पर बने कमरे में ही रखा गया है।

# भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी अध्यक्षों का भाजपा को समर्थन

### पार्टी उपाध्यक्ष का आरोप-इन्होंने समाज को बेचा; दिग्विजय ने लिखा-भाजपा के चंगुल में नहीं फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के बीच भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया और आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय पर बीजेपी से साठगांठ का आरोप लगा है। उनकी ही पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और डबरा से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी रूपेश कैन का आरोप है कि दोनों प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया है।**

### पूर्व सीएम ने शेयर किया वीडियो

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मंगलवार सुबह वीडियो हैंडल पर शेयर किया। उन्होंने लिखा- भाजपा अपनी काली कमाई के पैसे से नौजवानों को खरीद कर कांग्रेस को हराने के लिए भाजपा उम्मीदवार खड़े करती है। इन संगठनों को भाजपा के चंगुल में नहीं फंसना चाहिए। जिसकी सरकार बने, उन्हें अपना एजेंडा देना चाहिए।

### 28 अक्टूबर को भोपाल में हुआ था विवाद

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने जो वीडियो शेयर किया, वह 28 अक्टूबर का है। वीडियो में रूपेश कैन भोपाल के वीआईपी रोड पर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों पर सार्वजनिक तौर पर बीजेपी से साठगांठ का आरोप लगाते दिख रहे हैं। वीडियो में दोनों प्रदेशाध्यक्ष भी दिख रहे हैं। रूपेश कहते दिख रहे हैं कि भाजपा की गाड़ी लेकर चल रहे हैं। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष...ये हैं हमारे प्रदेश अध्यक्ष, जिन्होंने करोड़ों रुपए में हमारी समाज बेच दी है। इसके बाद वे गाडियों का वीडियो दिखाते हुए कहते हैं कि ये गाड़ी राय के नाम से है, जो बीजेपी नेता की है। ये दौड़कर भाग रहे हैं। बताइए ये गाड़ी किसकी है। ये गाड़ी मालती राय के पति की है। अध्यक्ष जी सामने मुंह कीजिए। आपको पूरी समाज देख रही है। क्या ये सही है आपने भाजपा से पैसे लिए और छह-छह गाडियां ले लीं। (इसके बाद आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय कहते हैं कि सब झूठी अफवाह है।)

ये सच्चाई है। ये गाड़ी किसकी है फिर कार्यकताओं ने आपकी गाड़ी क्यों छीन ली। पार्टी के ही कार्यकर्ता क्यों आपका विरोध कर रहे हैं? अभी आपके कार्यकताओं ने गाड़ी रोककर छीन ली। आपके पास कागज कहां हैं। 8-10 महीनों से गाड़ी कहां से चल रही है। रूपेश कैन ने दावा किया कि आजाद समाज पार्टी के नेताओं को बीजेपी की ओर से यह गाड़ी उपलब्ध कराई गई थी।

### आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी जारी किया वीडियो

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेश कैन ने मंगलवार को वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा- 12 फरवरी 2023 को भोपाल के भेल दशहरा मैदान में भीम आर्मी के आंदोलन को भाजपा ने मैनेज किया था। 8 से 10 महीने पहले भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष सुनील बैरसिया और आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय को भाजपा से गाडियां उपलब्ध करवाई गईं।

# 34 विधायकों को आवास खाली करने भेजा पत्र

◆ चुनाव न लड़ने वाले सदस्यों से विधानसभा सचिवालय ने किया आग्रह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में नई सरकार के गठन के पहले विधानसभा विश्राम गृह के आवासों को खाली कराने की कवायद शुरू हो गई। इस दायरे में 34 मौजूदा विधायक हैं। जिनका कार्यकाल नई विधानसभा के शपथ लेते ही खत्म हो जाएगा। इन्हें अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिला था। इसे में इन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। अब इन विधायकों को विधानसभा सचिवालय ने 20 नवंबर को एक पत्र भेजा है। जिसमें समय पूर्व आवास खाली करने का आग्रह किया है।**

इन विधायकों से खाली कराएंगे विश्राम गृह के आवास

विधानसभा सचिवालय ने जिन विधायकों के विधायक विश्राम गृह के आवास खाली करने के लिए कहा है, उसमें सीताराम आदिवासी, राकेश मावई, मेवाराम जाटव, रक्षा सिरोनिया, वीरेंद्र रघुवंशी, गोपीलाल जाटव, राजेश प्रजापति, पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय, शिवदयाल बागरी, श्यामलाल द्विवेदी, पंचूलाल प्रजापति, अमर सिंह शामिल हैं। इनके अलावा रामलल्लू वैश्य, सुभाष राम चरित्र, नंदनी मरावी, देवी सिंह सैयाम, ब्रह्मा भलावी, लीना संजय जैन, राजश्री सिंह, रामचंद्र दांगी, कुंवरजी कोठार, पहाड़ सिंह कन्नौजे, देवेंद्र वर्मा, राम दांगोरे, सुमित्रा देवी कास्डेकर से भी आवास खाली करने के लिए कहा गया है। विधानसभा सचिवालय ने इनके अलावा ग्यारसीलाल रावत, दिलीप कुमार मकवाना, देवीलाल धाकड़, जालम सिंह पटेल, रघुनाथ मालवीय, राज्यवर्धन, सुलोचना रावत, आकाश विजयवर्गीय, पारस जैन को भी आवास खाली करने के लिए कहा है।

**ये मंत्री भी टिकट न पाने वालों में शामिल-** विधानसभा चुनाव न लडऩे वालों में दो मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया और ओपीएस भदौरिया के नाम भी शामिल हैं। इन्हें सरकार ने बंगला दिया है, इसलिए खाली भी सरकार कराएगी। अगर बीजेपी की सरकार बनती है तो इन्हें जल्द बंगले खाली करने से राहत मिल सकती है लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर जल्द बंगले खाली करने होंगे।

दूसरी ओर, विधानसभा ने बीजेपी कांग्रेस से टिकट न पाने वाले एक अन्य विधायक नारायण त्रिपाठी का भी नाम आवास खाली करने वालों की सूची में शामिल नहीं किया है क्योंकि वे मैहर से विंध्य जनता पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ रहे हैं।

# लेन-देन मामले में देवास के डिप्टी रेंजर गौड़ निलंबित

### वीडियो में बोले थे-नेतागिरी लगाई, पांच लाख बांटे तब रेंजर का चार्ज मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खातेगांव।** देवास जिले के डिप्टी रेंजर मानसिंह गोड़ को लेन-देन के वायरल वीडियो मामले में निलंबित कर दिया गया है। देवास डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि वीडियो की जांच के लिए एक टीम गठित की गई थी। जिसने वीडियो को सही पाया और डिप्टी रेंजर गोड़ के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की। हमने जांच रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेजी, जिसके बाद गोड़ को निलंबित कर दिया गया। फिलहाल उन्हें वन परिक्षेत्र सतवास मुख्यालय में अटैच किया गया है। वीडियो के मामले में 6-7 बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट एक हफ्ते में आएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि गोड़ का एक वीडियो सामने आया था। 6 मिनट 4 सेकेंड का यह वीडियो खातेगांव रेंज की सब रेंज चंदपुरा के कक्ष क्रमांक 240 सिराल्या में तालाब निर्माण के लिए नाप-जोख करने के दौरान का है। वीडियो करीब 15 दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में डिप्टी रेंजर मानसिंह गोड़ हंसते-मुस्कराते हुए कह रहे हैं, ह्यदेखो दो चीजें हैं, या तो पैसा हो या तुम्हारी राजनीति में दम हो। जो काम आए उसका उपयोग कर लो। मैंने खातेगांव रेंजर का चार्ज लिया तो नेतागिरी भरपेट लगाई। वन मंत्री से लेकर सब दूर। मैंने कहा- लाख ले ले, दो लाख ले ले...। पांच लाख बांट दिए, तब चार्ज मिला। साथ ही गोड़ यह भी कह रहे हैं- ह्य30 बाय 50 का मकान सिंगल मंजिल था, डबल कर दिया। गाड़ी पुरानी थी, नई कर दी।

### मीडिया के सवालों से बचते नजर आए गोड़

दरअसल, डिप्टी रेंजर गोड़ कुछ दिन पहले सब रेंज चंदपुरा के कक्ष क्रमांक 240 सिराल्या में तालाब निर्माण के लिए नाप-जोख करवाने गए थे। इसी दौरान किसी ने यह वीडियो बना लिया था। बाद में इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में गोड़ जिससे बात कर रहे हैं, वो हरणगांव सरपंच राबी अग्रवाल के पति रवि अग्रवाल हैं। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ स्थानीय अधिकारियों ने चुप्पी साध ली, तो कुछ इसे व्यक्तिगत मामला बताने लगे। वहीं, गोड़ मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। गोड़ का घर इंदौर के देवास नाका एरिया में बॉम्बे हॉस्पिटल के पास बताया जा रहा है। बताया जाता है कि गोड़ ने वर्ष 2021 में खातेगांव रेंज में प्रभारी का चार्ज लिया था, इस दौरान करीब 6 माह उनके पास रेंजर का चार्ज रहा था।

# पुजारियों को नशीला प्रसाद खिलाकर मूर्ति चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया के 400 साल पुराने कुटीर मंदिर से राम-जानकी और लक्ष्मण जी की मूर्तियां चोरी हो गईं। पुजारी ने बताया, सोमवार शाम को एक युवक पूजा करने गर्भगृह में आया था। उसने सभी को प्रसाद दिया। इसके बाद सभी बेहोश हो गए। वो रात में अष्टधातु की तीन मूर्तियां लेकर फरार हो गया। मंगलवार सुबह ढूंढने पर भगवान राम की मूर्ति सिंहासन के पीछे कपड़े में लिपटी हुई मिली। जानकी और लक्ष्मण जी की मूर्तियां नहीं मिलीं। कुटीर मंदिर जिले के गांव भिटारी में है। मंदिर के महंत रामानंद का कहना है कि ये मूर्तियां मंदिर जितनी ही पुरानी हैं। भांडेर एसडीओपी कार्णिक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार शाम को मंदिर का ही शिष्य यहां आया था। उसने महंत रामानंद, पुजारी ध्रुपदास और मंदिर में काम कर रहे कारीगर अनिल, मंगल सिंह व रामसिंह को नशीला प्रसाद खिलाया। सभी के बेहोश होने के बाद मां जानकी और लक्ष्मण जी की मूर्ति और बाइक चुराकर फरार हो गया।

Uttarakhand

# हैवी मशीनों से रातभर चली ड्रिल, 41 जिंदगियों के और करीब पहुंचीं रेस्क्यू टीमें, अगले 40 घंटे अहम

**उत्तरकाशी, (एजेंसी) सिलक्यारा छोर से मजदूर अंदर गए थे. इस छोर से 2340 मीटर की सुरंग बन चुकी है. इसी हिस्से में 200 मीटर की दूरी पर मलबा गिरा है. मलबा करीब 60 मीटर लंबाई में है. यानी मजदूर 260 मीटर दूर फंसे हैं. लेकिन मजदूरों के पास मूव करने के लिए दो किलोमीटर का इलाका है. 50 फीट चौड़ी रोड और दो किलोमीटर लंबाई में वो मूव कर सकते हैं.**



उत्तरकाशी में युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. रेस्क्यू टीमें 10 दिन से 41 मजदूरों को सुरक्षित निकालने की पुरजोर कोशिश में जुटी हैं. एजेंसियां अगले 40 घंटे अहम बता रही हैं. रेस्क्यू से जुड़ीं एजेंसियों का अनुमान है कि 30 से 40 घंटे के अंदर सुरंग से सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकाल लिए जाएंगे. इससे पहले मंगलवार को सुरंग से अच्छी खबर आई. सुरंग में फंसे मजदूरों के परिवारों ने अपनों के चेहरे कैमरे के जरिए देखे और उनसे बात की. इस दौरान मजदूरों को भरोसा दिलाया गया कि वे जल्द बाहर निकाल लिए जाएंगे.

सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए ऑगर मशीन अब तक 32 मीटर तक ड्रिल कर चुकी है. इसमें 800 एमएम व्यास के पाइप डाले गए हैं. कुल 60 मीटर तक ड्रिल कर पाइप डाले जाने हैं. रेस्क्यू टीमों ने 40 एंबुलेंस बुलाई हैं. आपातकालीन सेवा 108 को अलर्ट पर रखा गया है. ऑपरेशन के कल तक खत्म होने की संभावना है.

साभार आज तक

New Delhi

## दिल्ली की हवा में सांस लेना मुश्किल! फिर बढ़ा AQI, शुक्रवार तक राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर की हवा में मामूली राहत के बाद हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। मंगलवार को राजधानी में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 372 पर था। वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार तक हवा की गुणवत्ता इसी श्रेणी में रहने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाकी हिस्सों - गाजियाबाद (346), गुड़गांव (331), नोएडा (330), फरीदाबाद (322) और ग्रेटर नोएडा (304) में भी एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। दिल्ली के कुछ इलाकों में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' तक पहुंच गई। शाम 5 बजे बवाना में एक्यूआई 431 था, जबकि मुंडका में यह 420, पंजाबी बाग में 408 और जहांगीरपुरी में 407 दर्ज किया गया। नेहरू नगर, रोहिणी और वजीरपुर में यह 402 दर्ज किया गया। सैटेलाइट्स ने पंजाब में 513, उत्तर प्रदेश में 110 और हरियाणा में 54 पराली जलाने की घटनाओं का पता लगाया। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत पूर्वानुमान निकाय, डिसिजन सपोर्ट सिस्टम के अनुसार, दिल्ली के पीएम2.5 में पराली जलाने की हिस्सेदारी मंगलवार को 10.24 प्रतिशत थी, जो सोमवार को 2.25 फीसदी थी।

Punjab

## पंजाब के बठिंडा में ISI के 3 आतंकी गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

**बठिंडा, (एजेंसी)** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। सीमा पार से घुसपैठ की लगातार कोशिश करता है। साथ ही भारत में रहने वाले कुछ लोगों को भी भारत विरोधी कार्यों के लिए उकसाते रहता है। हालांकि, सुरक्षा बल के जवान और सुरक्षा एजेंसियां उनकी नापाक मंसूबों पर पानी फेर देते हैं। पंजाब के बठिंडा में काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है।

पाकिस्तान स्थित आईएसआई नियंत्रित तीन आतंकी मॉड्यूल राजभूपिंदर सिंह, रमन कुमार और जगजीत सिंह को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी यूएपीए के तहत संगरूर जेल में बंद तीन अन्य लोगों के संपर्क में थे और वे एक धार्मिक व्यक्ति को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे।

Jharkhand

## जमशेदपुर में मिलावटी शराब बनाने वाले गैंग पर शिकंजा, 465 लीटर जहरीली दारू बरामद

**जमशेदपुर, (एजेंसी) अवैध शराब के खिलाफ पिछले दिनों हिन्दुस्तान की ओर से चलाई गई मुहिम के बाद पुलिस और आबकारी विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को आबकारी विभाग ने सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह बस्ती में छापेमारी कर वहां चल रही अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इसके साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में 464.76 लीटर नकली शराब बरामद की गई है।**

कुछ दिनों से भुइयांडीह के एक मकान में अवैध रूप से मिनी शराब फैक्ट्री चलाई जा रही थी। यहां विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलों में नकली शराब भरी जाती थी। उसे शहर के विभिन्न स्थानों पर भेजा जाता था। मिलावटी शराब का धंधा शहर में बड़े पैमाने पर चलने की जानकारी हिन्दुस्तान ने दी थी। इन खबरों के बाद आबकारी विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की।

इसमें अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली नाइट गर्ल व्हिस्की, ओल्ड मंक रम, मैकडॉवेल, रॉयल स्टैग के अलावा अन्य शराब की बोतलों को बरामद किया गया। इस दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इस कारोबार का सरगना दीपक यादव है। गिरफ्तार अभियुक्त एवं दीपक यादव के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

खेल

# विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारत हारा, कतर ने 3-0 से हराया

**नई दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारतीय टीम को दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। कलिंगा स्टेडियम में हुए मुकाबले में कतर ने भारत को 3-0 से हराया। 2022 फीफा विश्व कप की मेजबानी करने वाले कतर को हराना भारत के लिए आसान नहीं था। हालांकि, यहां जीत हासिल करने पर भारतीय टीम के लिए आगे की राह आसान हो जाती, लेकिन हार के बावजूद भारतीय टीम फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने की रेस से बाहर नहीं हुई है।**



इस मैच में कतर ने शानदार शुरुआत की और पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। कतर ने मैच के चौथे मिनट में ही गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। कतर के लिए कॉर्नर से मुस्तफा मेशाल ने गोल किया। वह बॉक्स के अंदर थे और भारतीय टीम समय रहते गेंद को क्लीयर नहीं कर पाए। ऐसे में उन्होंने मौके भुनाते हुए अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद पहले हाफ में दोनों टीमों के कई प्रयास किए, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। पहला हाफ खत्म होने के बाद कतर की टीम 1-0 से आगे थी।

दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कतर ने दूसरा गोल कर अपनी बढ़त 2-0 कर ली। कतर के लिए 47वें मिनट में अल्मोज अली ने दूसरा गोल किया। 86वें मिनट में यूसुफ ने कतर के लिए तीसरा गोल किया और अपनी टीम की जीत लगभग तय कर दी। अंत में स्कोरकार्ड यही रहा और भारत को 0-3 के अंतर से हार झेलनी पड़ी।

इस मैच में कतर ने गोल करने के 20 प्रयास किए। इनमें से छह निशाने पर थे और तीन में यह टीम गोल करने में सफल रही। गेंद में इस टीम का नियंत्रण 54 फीसदी था। कतर ने मैच में 416 पास किए। इनमें से 79 फीसदी पास सही जगह पर थे। हालांकि, इस टीम ने सात फाउल भी किए। वहीं, भारत की बात करें तो टीम इंडिया ने सात बार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन इनमें से कोई भी निशाने पर नहीं था। गेंद पर भारतीय टीम का नियंत्रण 46 फीसदी था। भारत ने 363 पास किए और 73 फीसदी पास सही जगह पर थे। भारत ने 14 फाउल भी किए। एक भारतीय खिलाड़ी को येलो कार्ड मिला।

सिनेमा

## अकाउंट में है कितना पैसा नहीं मालूम, होटल में महंगा खाना भी खा लूं तो पड़ती है डांट : कार्तिक आर्यन



बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन का सफर हजारों-लाखों लोगों के लिए एक इंस्पिरेशन है. 12 साल पहले डेब्यू करने वाले कार्तिक ने करियर की शुरुआत में बहुत स्ट्रगल किया और आज इंडस्ट्री के सबसे फेवरेट एक्टर्स में से एक हैं. एक्टिंग करियर के साथ जब स्टारडम आता है, तो साथ में पैसों की बरसात भी लेकर आता है.

कार्तिक ने कहा था कि नेटफ्लिक्स फिल्म धमाका के लिए उन्होंने 10 दिन शूट किया था और इसके लिए उन्हें 20 करोड़ रुपये फीस मिली थी. आज वो इंडस्ट्री के सबसे बिजी यंग स्टार्स में से एक हैं. उनके पास सिर्फ फिल्में ही नहीं, इवेंट्स, प्रमोशन और ऐड वगैरह से कितना पैसा आता होगा, इसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है. लेकिन ये जानकर आप हैरान रह जाएंगे कि खुद कार्तिक को भी नहीं पता कि उनके पास कितना पैसा है. जी हां!

इस बात का खुलासा खुद कार्तिक ने किया है. उन्होंने बताया है कि उनके पास कितने पैसे हैं, और हैं भी या नहीं, इस बात का उन्हें कुछ पता नहीं. ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पैसे का सारा हिसाब-किताब उनकी मम्मी रखती हैं.

# संपादकीय

## उन्मूलन के प्रयास

एक समय जहां खसरे के उन्मूलन को लेकर उम्मीदें जगने लगी थीं, वहीं पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसका खतरा तेजी से फैलने लगा है। 2021 में बाईस देशों में इसके असर का पता चला था, मगर 2022 में इसकी चपेट में आने वाले देशों की संख्या सैंतीस हो गई। इसका सीधा अर्थ है कि खसरे पर नियंत्रण पाने के दावों या कोशिशों के उलट इसका प्रकोप अब तेजी से फैलने लगा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौजूदा दौर में सामान्य से लेकर जटिल रोगों के इलाज और उससे पार पाने के तमाम उपाय चिकित्सा जगत निकाल रहा है। इसके बावजूद आज भी कई ऐसे रोग हैं, जिनसे लंबे वक्त से लड़ाई चल रही है। उनके उन्मूलन के प्रयास चल रहे हैं। मगर अक्सर कुछ बीमारियों के फिर से सक्रिय हो जाने का खतरा मंडराने लगता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ और अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र यानी सीडीसी की ताजा रिपोर्ट में यह सामने आया है कि खसरे के टीकाकरण में पिछले कुछ वर्षों की गिरावट के बाद 2022 में इस रोग के मामलों में अठारह फीसद की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद इससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ कर नब्बे लाख तक पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 और 2022 के बीच खसरे से होने वाली मौतों में तैंतालीस फीसद का इजाफा हुआ है। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले साल इस रोग से एक लाख छत्तीस हजार लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। गौरतलब है कि एक विषाणु से होने वाले संक्रमण के लिहाज से खसरा अत्यधिक संवेदनशील रोग है। संक्रमित व्यक्ति की सांस, छींक या खांसी से निकलने वाली बूंदों से भी यह रोग तेजी से फैलता है। इससे मरीज की जान तक चली जाती है। सवाल है कि अचानक इस रोग के खतरा बन जाने के हालात कैसे पैदा हो गए, जबकि इससे निपटने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक तस्वीर दिखने लगी थी। इसे लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में खसरे के टीकाकरण की दर में काफी गिरावट दर्ज की गई थी। इसका कारण कोरोना महामारी और इससे उपजे हालात को माना जा रहा है, जिसमें अन्य बहुत सारे जरूरी कामों के साथ-साथ कई बीमारियों की रोकथाम के लिए समयबद्ध टीकाकरण का काम भी व्यापक पैमाने पर प्रभावित हुआ था। ।मतौर पर खसरा के टीके की दो खुराक दी जाती है। 2021-22 के बीच लगभग 3.3 करोड़ बच्चे इससे वंचित रह गए, जिनमें से ज्यादातर को पहली और बहुत सारे बच्चों को दूसरी खुराक नहीं मिल पाई।

अर्ज़ किया है..!

*साफ़ आता है नज़र*
*अंजाम हर आग़ाज़ का*
*ज़िंदगानी मौत की*
*तम्हीद है मेरे लिए*

*-तिलोकचंद महरूम*

॥-२ी-म॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## मोक्ष के लिए मरने की जरूरत नहीं, बहुत सावधानी से जीने की जरूरत है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### ज्ञान-विज्ञान

# सोनार पल्स क्या है? पानी के नीचे मनुष्यों को घायल कर सकता है? चीन ने ऑस्ट्रेलिया पर किया वार

सप्ताहांत में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने खुलासा किया कि पिछले मंगलवार को उसके नौसैनिक गोताखोरों को ''मामूली चोटें'' लगीं थीं, जो शायद चीनी नौसेना के एक जहाज से हुए सोनार स्पंदन का नतीजा था। गोताखोर जापान के तट से दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एचएमएएस टुवूम्बा के प्रोपेलर से मछली पकड़ने के जाल को साफ कर रहे थे। उप प्रधान मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के एक बयान के अनुसार, एचएमएएस टुवूम्बा के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संकेतों के साथ संचार करने के बावजूद, चीनी जहाज ऑस्ट्रेलियाई जहाज के पास पहुंचा और अपना सोनार चालू कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलियाई गोताखोरों को पानी से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस घटना पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से प्रतिक्रिया आई, जिसने इस घटना को ''असुरक्षित और गैर-पेशेवर'' करार दिया। लेकिन वास्तव में सोनार स्पंदन क्या है, और सोनार गोताखोरों को किस प्रकार की चोट पहुँचा सकता है? सोनार क्या है? प्रकाश पानी के नीचे सहज यात्रा नहीं करता है - यहां तक कि साफ पानी में भी, आप शायद कुछ दसियों मीटर तक देख सकते हैं। हालाँकि, ध्वनि पानी के नीचे बहुत अच्छी तरह से और दूर तक यात्रा करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पानी हवा की तुलना में बहुत सघन है, और इसलिए ध्वनिक दबाव तरंगों - ध्वनि तरंगों पर तेजी से और बेहतर प्रतिक्रिया कर सकता है। इन गुणों के कारण, जहाज समुद्र के माध्यम से नेविगेट करने और पानी के नीचे ''देखने'' के लिए सोनार का उपयोग करते हैं।

### सोनार शब्द का क्या अर्थ है ?

'सोनार' शब्द का अर्थ ध्वनि नेविगेशन और रेंजिंग है। सोनार उपकरण लघु ध्वनिक (ध्वनि) पल्स या पिंग भेजता है, और फिर गूँज का विश्लेषण करता है। उपकरण द्वारा प्राप्त गूँज के समय, आयाम, चरण और दिशा के आधार पर, आप बता सकते हैं कि पानी के नीचे क्या है - समुद्र तल, घाटी की दीवारें, मूंगा, मछलियाँ, और निश्चित रूप से जहाज और पनडुब्बियाँ। अधिकांश जहाज - छोटी, निजी नौकाओं से लेकर बड़े वाणिज्यिक टैंकरों तक - सोनार का उपयोग करते हैं। हालाँकि, मछली खोजने के लिए उपयोग किए जाने वाले आपके



ऑफ-द-शेल्फ सोनार की तुलना में, नौसेना सोनार अधिक मजबूत होते हैं। गोताखोरों पर सोनार का क्या प्रभाव पड़ता है? यह अध्ययन करने के लिए एक कठिन विषय है, क्योंकि आप जानबूझकर मनुष्यों को ध्वनि के हानिकारक स्तरों के संपर्क में नहीं लाना चाहते हैं।

हालांकि विभिन्न नौसेनाओं के इसके संपर्क में आने के किस्से हैं। इस बात पर भी अध्ययन हुए हैं कि मनुष्य पानी के नीचे, नियोप्रीन सूट, हुड या हेलमेट के साथ या उसके बिना क्या सुन सकते हैं। हम पानी के नीचे अच्छी तरह से नहीं सुन पाते - इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि हम जमीन पर रहने के लिए विकसित हुए हैं। ऐसा होने पर, आपको पानी के नीचे एक सोनार ध्वनि (मध्यम से उच्च पिच शोर) सुनाई देगी और आपको पता चल जाएगा कि आप उसके संपर्क में आ गए हैं। जब नौसैनिक सोनारों की बात आती है, तो मानव गोताखोरों ने लगभग 150 डीबी प्रति 1 पीए (एक माइक्रोपास्कल के संदर्भ दबाव के सापेक्ष डेसीबल, पानी के नीचे ध्वनि के लिए मानक संदर्भ) के स्तर पर ध्वनि को ''अप्रिय से गंभीर'' के रूप में मूल्यांकित किया है। यह शायद, बहुत मोटे तौर पर, एक सैन्य सोनार से 10 किमी दूर होगा।

### पानी के अंदर इंसानों पर शोर का क्या असर?

ध्यान दें कि हम पानी के नीचे ध्वनि के सुनने की तुलना हवा के माध्यम से प्राप्त ध्वनि से नहीं कर सकते, क्योंकि दोनों के बीच बहुत अधिक भौतिक अंतर हैं। मानव सहनशीलता की सीमा लगभग 1 μपीए प्रति 180डीबी है, जो सैन्य सोनार से लगभग 500 मीटर होगी। ऐसे स्तरों पर, मनुष्यों को चक्कर आना, अस्थायी स्मृति लोप और एकाग्रता पर प्रभाव, या अस्थायी बहरेपन का अनुभव हो सकता है। हमें इस बात की जानकारी नहीं है कि ऑस्ट्रेलियाई गोताखोरों को किस स्तर का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी चोटों को मामूली बताया गया है। उच्चतर प्राप्त स्तरों, नजदीकी सीमाओं या लंबे समय तक संपर्क में रहने पर, आप अधिक गंभीर शारीरिक या स्वास्थ्य प्रभाव देख सकते हैं। चरम मामलों में, विशेष रूप से आवेगपूर्ण, अचानक ध्वनि (जो सोनार नहीं है) के लिए, ध्वनि ऊतकों और अंगों को नुकसान पहुंचा सकती है। सोनार समुद्री जानवरों के साथ क्या करता है?

पानी के नीचे इंसानों पर शोर का क्या असर हो सकता है, इसकी कुछ जानकारी जानवरों के अध्ययन और अवलोकन से मिलती है। जबकि उनके पास आम तौर पर बाहरी कान नहीं होते हैं (समुद्री शेरों को छोड़कर), समुद्री स्तनधारियों के आंतरिक कान होते हैं जो हमारे जैसे ही कार्य करते हैं। शोर से उनकी सुनने की क्षमता को नुकसान हो सकता है, ठीक वैसे ही जैसे हमारी होती है। यह अस्थायी हो सकता है, जैसे कान बजना या संवेदनशीलता में कमी, जिसे आप किसी तेज़ संगीत कार्यक्रम के बाद अनुभव कर सकते हैं, या यह स्थायी भी हो सकता है।

## Highlights

- **Credit card-shaped gold, 1 gold biscuit worth ₹67.71 lakh seized in Chandigarh**
- **KFC & other outlets raided after ban on halal-certified products in UP**
- **Case filed against Mansoor Ali Khan for 'rape scene' remarks on Trisha**
- **J&K govt sacks doctor, policeman, teacher & lab bearer over terror acts**
- **Kept out of K'taka teacher recruitment list, married women move SC**
- **Tracking Cybercrime: A Complex Web**

# Tata Technologies IPO open on November 22: GMP steady; check price, lot size and more




**NEW DEIHI, (Agency).** The initial public offering for Tata Technologies Ltd is set to go live tomorrow, November 22, making it the first IPO by a Tata Group company in the last 20 years. Much to the benefit of the subscribers, the Tata Technology IPO is already showing promise because of its GMP.

Meanwhile, the grey market premium (GMP) for Tata Technologies has remained steady up until the launch of the IPO tomorrow, much to the benefit of the shareholders. The bidding will remain open from November 22 to November 24.

As per the market observers, shares of Tata Technologies Ltd are available at a premium of ₹350 in grey market today. The Tata Group has fixed the price band for the Tata Technologies IPO at ₹475 to ₹500 apiece.

Tata Technology IPO GMP on November 21

The Tata Technologies IPO grey market premium remained stable at ₹350 today, November 21. However, the current premium is ₹17 lower than the weekend GMP, but is still more than 70 percent of the IPO share price. Thus, it should not be worrisome for the investors.

Despite the uncertain trends on Dalal Street, Tata Technologies GMP has held its ground, which means that subscribers could benefit from this investment. Market experts have often said that GMP is speculative and non regulated, and can have little to no impact on the IPO.

Tata Technologies IPO: Price band and lot size

# AIM's RISE accelerator sparks global innovation for circular economy start-ups in India and Australia

**NEW DEIHI, (Agency).** In a strategic move to foster collaboration and innovation between India and Australia, Atal Innovation Mission (AIM), under NITI Aayog, has unveiled the Rapid Innovation and Start-up Expansion (RISE) Accelerator.

This visionary accelerator program is dedicated to supporting start-ups and small to mid-sized enterprises (SMEs) specializing in circular economy technologies and solutions.

Developed in partnership with the Commonwealth Scientific and Industrial Research Organisation (CSIRO), Australia's national science agency, the India Australia RISE Accelerator aims to create a dynamic platform for start-ups, encouraging exploration of opportunities and cross-border partnerships. The program is a testament to the strengthening diplomatic ties and shared values between the two nations, as highlighted by Manpreet Vohra, High Commissioner of India to Australia. Dr Chintan Vaishnav, Mission Director of Atal Innovation Mission - NITI Aayog, emphasized the significance of the RISE Accelerator in addressing shared challenges, with a specific focus on environment and climate technology.

This multi-year bilateral initiative provides start-ups with the opportunity to innovate solutions that transcend global challenges. The program director of CSIRO's RISE Accelerator, Tamara Ogilvie, outlined its objectives, emphasizing support for start-ups and SMEs with mature technologies, and facilitating their expansion between India and Australia.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

### को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये ।

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

**Facebook**
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

**Instagram**
https://www.instagram.com /detective_group_report

---

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।